हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026



### 2009 की मुठभेड़ में एसपी सहित 43 जवान हुए शहीद

# 1990 में लाल आतंक ने दी दस्तक, साढ़े तीन दशक बाद नक्सलमुक्त हुआ अंचल

## नक्सल हिंसा में 120 ग्रामीणों की हत्या, 140 मुठभेड़ में मारे गए 40 माओवादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लाल आतंक का दंश झेल चुके राजनांदगांव जिले में नक्सलियों ने पिछले 36 सालों में न सिर्फ पुलिस और फोर्स को अपना निशाना बनाया, बल्कि 124 आम नागरिकों की भी हत्या कर दहशत फैलाने की कोशिश भी की। नक्सलियों का खात्मा करने के लिए एसपी व्हीके चौबे सहित 43 जवानों को अपनी शहादत भी देनी पड़ी। इन सालों में 40 नक्सलियों को मार गिराने के बाद जिले में फोर्स का ऐसा दबाव बढ़ा कि पिछले तीन साल से नक्सल संगठन बैकफुट पर चले गए और राजनांदगांव, खैरागढ़, कवर्धा जिला के बाद अब मोहला-मानपुर-चौकी जिला भी नक्सल मुक्त हो गया है।

बीते कल को याद किया जाए तो करीबन साढ़े तीन दशक पहले अविभाजित राजनांदगांव जिले में नक्सलियों ने सन 1990 में अपने संगठन को खड़ा किया था। इस दौरान आगजनी और मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। सन 1991 में खैरागढ़ के बकरकट्टा में नक्सलियों ने एक की हत्या की। 1999 में पांच ग्रामीणों की हत्या करने के साथ ही नक्सलियों ने जिलेभर में लाल आतंक का नेटवर्क तैयार किया। इधर छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद नक्सल वारदातों में काफी इजाफा देखने में मिला। सन-2000 से 2022 तक नक्सलियों ने जिलेभर में काफी घटनाओं को अंजाम दिया। जिसमें 117 आम नागरिकों की नक्सल हत्या हुई। मुखबीरी का आरोप लगाकर 25 ग्रामीणों की बेदम पिटाई की गई। पुलिस और फोर्स के साथ चल रही जंग में एसपी व्हीके चौबे सहित 43 जवान शहीद हुए। वहीं मुठभेड़ में 43 जवान घायल हुए। केंद्रीय बल के दो जवानों को भी इस जंग में शहीद होना पड़ा। पुलिस के अलावा शासकीय विभागों के चार कर्मी, पांच गोपनीय सैनिक की नक्सल हत्या की गई। वहीं 42 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण भी किया। पुलिस और केंद्रीय फोर्स द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए आपरेशन में 37 नक्सलियों को मार गिराया गया।



### 2009 रहा सबसे खौफनाक साल

पिछले 36 सालों में राजनांदगांव जिले के लिए सबसे खौफनाक साल 2009 का रहा। इस साल न केवल जिले के एसपी व्हीके चौबे शहीद हुए, बल्कि जिले के इतिहास में नक्सलियों द्वारा सर्वाधिक 45 लोगों को मौत के घाट उतारा गया। इसमें आम नागरिकों के साथ-साथ पुलिस जवान भी शामिल रहे। इसी साल मदनवाड़ा के समीप कोरकट्टी कांड की भी घटना हुई थी।

### दहशत पैदा करने 122 आगजनी

अक्सर देखा गया है कि नक्सली अपनी दहशत ग्रामीण एवं शासन-प्रशासन के सामने बनाने के लिए कई हथकंडे अपनाते रहे हैं। इनमें आगजनी भी शामिल रही है। पिछले साढ़े तीन दशक के भीतर अविभाजित जिले में नक्सलियों द्वारा 122 आगजनी की घटनाएं घटित हुई है। साल 2018 में सर्वाधिक 11 आगजनी की घटनाएं देखने को मिली थी। वहीं सबसे पहली आगजनी 1990 में नक्सलियों द्वारा की गई थी।

### 561 घटनाओं को दिया अंजाम

करीब डेढ़ दशक पहले बस्तर के बाद नक्सलियों का अहम कारीडोर राजनांदगांव जिला माना जाता था। उस दौरान नक्सली जिले के बार्डर पर लगातार एक्टिव रहा करते थे। यूं तो 1990 से अब तक के मध्य कुल 561 घटनाएं नक्सलियों द्वार की गई, लेकिन सर्वाधिक घटनाएं 2006 से 2012 के मध्य देखने को मिली। अंतिम नक्सल घटना जिले में साल 2023 में दर्ज की गई है।

### 154 बार आमने-सामने की लड़ाई

1990 में नक्सलियों की दस्तक के बाद उनसे बराबर का सामना करना सुरक्षाबलों ने भी शुरू कर दिया था। कुल 154 मुठभेड़ अब तक दर्ज की गई है। हालांकि शुरूआती दौर में तीन साल तक कोई मुठभेड़ देखने को नहीं मिली, लेकिन वर्ष 1993 में पहली दफा पुलिस और नक्सल आमने-सामने लड़ाई करते दिखे। उसके बाद से हर दूसरे साल पुलिस नक्सल के बीच मुठभेड़ की खबरें आती रही। वहीं 2015 और 2016 के बीच सर्वाधिक 28 मुठभेड़ दर्ज की गई।

### सबसे अंत में वनांचल हुआ नक्सल मुक्त

ज्ञात हो कि राजनांदगांव, खैरागढ़ सहित कवर्धा जिला सालभर पहले ही नक्सलमुक्त घोषित हो चुका था, परन्तु उस दौरान नक्सलियों के मूवमेंट के चलते मोहला-मानपुर क्षेत्र नक्सलमुक्त नहीं माना गया था। अब करीबन सालभर बाद मोहला-मानपुर भी नक्सलमुक्त हो गया है। ज्ञात हो कि अविभाजित राजनांदगांव जिले में शामिल रहे नवगठित मोहला- मानपुर-चौकी जिले में पिछले एक साल के दौरान भी नक्सलियो का मूवमेंट जारी रहा। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और बस्तर के बार्डर पर स्थित इस जिले को केंद्र सरकार ने अति संवेदनशील से हटाकर एलडब्लूई की श्रेणी में कर दिया था। अब इसे नक्सलमुक्त घोषित कर दिया गया है।

### अपना सुरक्षित ठिकाना बनाना चाहते थे नक्सली

इस अंचल को नक्सल संगठन अपना सुरक्षित ठिकाना बनाना चाहता था। यहां दो जोन जिसमें डीकेएसजेडसी और एमएमसी शामिल थे। इनमें चार डिवीजन आरकेबी डिवीजन, उत्तर गढ़चिरौली डिवीजन, जीआरबी डिवीजन, केबी डिवीजन बनाए गए थे। इस इलाके में नक्सल संगठन की आठ एरिया कमेटी एक्टिव थी। मिली जानकारी के अनुसार करीबन डेढ़ दशक पहले साल 2008 में ढाई सौ से ज्यादा नक्सली यहां एक्टिव थे। बताया गया कि संगठन अमरकंटक को सेफ जोन बनाना चाहते थे। इस अंचल में 2016 से 2021 के बीच निर्णायक आर-पार की लड़ाई देखने को मिली थी। जिसके बाद से ही नक्सल संगठन इस इलाके में लगातार कमजोर होता गया।







## खबर संक्षेप

### नाबालिग बालिका से छेड़छाड़, गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** नाबालिग को चाकलेट देने के बहाने अश्लील बातें कहकर छेड़छाड़ करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी चिखली क्षेत्र अंतर्गत 30 मार्च को प्रार्थी द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की को आरोपी लोकनाथ ठाकुर द्वारा चॉकलेट देने के बहाने अश्लील बातें कहकर छेड़छाड़ किया है। रिपोर्ट पर चौकी चिखली में आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। इस मामले में चिखली पुलिस द्वारा टीम तैयार कर आरोपी की पतासाजी हेतु आरोपी के ठिकाने पर दबिश दिया गया। आरोपी लोकनाथ ठाकुर 33 साल सुंदरा बंधियापारा को हिरासत में लेकर चौकी चिखली लाकर पूछताछ किया, जो जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपी के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## माय एंगल




## चाकू लेकर भयभीत करने वाला पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 30 मार्च की रात्रि में पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पनेका मोड़ के पास अपने हाथ में धारदार चाकू लेकर आम जनता एवं राहगीरों को डरा-धमका रहा है। सूचना के आधार पर थाना बसंतपुर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर राजीव मरकाम 43 वर्ष को लोहे के धारदार चाकू के साथ पकड़ा। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 31 मार्च को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया।






## खबर संक्षेप

### भ्रम के कारण खुली रही चिकन दुकान

**डोंगरगढ़।** महावीर जयंती के उपलक्ष्य में निकली शोभायात्रा के दौरान बल्ला चिकन शॉप एवं चिकन सेंटर के खुले रहने पर संचालक ने अपना स्पष्टीकरण देते हुए जैन समाज को बताया कि उन्हे शोभायात्रा की जानकारी नहीं थी। महावीर जयंती की सरकारी छुट्टी 31 मार्च को होने के कारण उन्होंने अपनी दुकान बंद रखा है। उन्होने कहा की भविष्य में वह इस बात का ध्यान रखेंगे कि जैन समाज की शोभायात्रा के दौरान दुकान बंद रहे।

### जयंती कार्यक्रम आज

**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिसाहू दास महंत की जयंती कल 1 अप्रैल को नवीन विश्राम भवन में मनाई जाएगी। कार्यक्रम के बाद शहर बूथ कमेटी गठन करते हुए बूथ अध्यक्ष का चयन करने पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, नवाज खान, प्रभारी, सह प्रभारी उपस्थित रहेंगे।

### विदेश निषाद निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**डोंगरगांव।** सांकरदाहरा परिक्षेत्र अध्यक्ष गौतरिया निषाद, महासचिव तारम निषाद की उपस्थिति में चांदो पचगैया का चुनाव संपन्न हुआ। चांदो पचगहिया के पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। जिला मीडिया प्रभारी चैन कुमार निषाद ने बताया कि पचगहिया अध्यक्ष विदेश निषाद, उपाध्यक्ष दुर्जन निषाद, सचिव शिव कुमार निषाद, कोषाध्यक्ष मंगला निषाद, संगठन सचिव शिव कुमार निषाद, सलाहकार ललित निषाद, संरक्षक दुर्योधन निषाद, देवसिंग निषाद, महामंत्री तुकाराम निषाद को निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### प्रशिक्षण में 22 से अधिक प्रजातियों की पहचान



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में शुक्रवार को एमएससी प्राणीशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय पक्षी प्रशिक्षण का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती, विज्ञान संकायाध्यक्ष अविनाश सिंह के मागदर्शन में किया गया। वक्ता के रूप में पक्षी विशेषज्ञ प्रतीक ठाकुर शामिल हुए। उन्होंने पक्षियों के प्राकृतिक आवास, संरक्षण की आवश्यकता तथा आसपास पाए जाने वाले पक्षियों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान पक्षियों का अवलोकन कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने लगभग 22 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों को देखा एवं उनकी पहचान की। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता डॉ. गोकुल प्रसाद, डॉ. राकेश कुमार धृतलहरे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## श्रद्धा के साथ मनाई गई भगवान महावीर की जयंती

# भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाने की जरूरत : रजतमणि जी

## धर्मावलंबियों में दिखा जमकर उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

स्थानक जैन भवन में विराजित रजतमणि मसा जी एवं संघ ने महावीर जयंती के मौके पर कहा कि दुःख का विषय है कि भगवान महावीर अब सिर्फ लेखन और भाषण तक सीमित हो गए है। उन्हें आत्मसात करने वाले बिरले ही है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतो को लोग भूलकर भोग-विलास से डूब रहे हैं। साध्वीश्री ने उदाहरण देते हुए बताया कि प्रदर्शनी में एक महिला की तस्वीर को एक व्यक्ति ने पचास हजार में खरीदता है। तस्वीर लेकर जब वह बाहर निकलता है कि एक भिखारी महिला उससे पांच रूपए मांगती है, परंतु वह अनदेखी कर आगे बढ़ने लगता है। व्यक्ति के हाथ में तस्वीर को देखकर भिखारन कहती है कि बाबू जी यह मेरी की पुरानी तस्वीर है। व्यक्ति उस महिला की पुरानी सुंदर तस्वीर को पचास हजार में लेता है पर वह उस पांच रुपए नहीं देता। उन्होंने शादियों में दिखावे पर होने खर्च पर अंकुश लगाने पर जोर दिया।



### श्रद्धा के साथ निकली शोभायात्रा

दिगंबर जैन समाज ने चंद्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक पूजा पाठ कर महावीर जयंती मनाई। वहीं 31 मार्च को सकल जैन समाज ने नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में पूर्व नपं अध्यक्ष दीपाली जैन की भोपाल निवासी माता शशिकिरण जैन द्वारा दान में दी गई पालकी आकर्षण का केन्द्र। इसी पालकी में भगवान महावीर का विराजित कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा, अभिषेक-पूजन में पुरुष- महिला एवं बच्चे उत्साह से शामिल हुए।

### अपने संस्कार बदले

बच्चों पर मोबाइल के बढ़ते प्रभाव पर उन्होंने कहा कि जब तक माता-पिता अपने आप को नहीं बदलेंगे और दिन भर मोबाइल में व्यस्त रहेंगे तो बच्चे भी उन्ही पर जाएंगे और असंस्कारी बनेंगे।

## जयंती समारोह में दिखा भक्ति, सेवा का समागम



**गंडई पंडरिया।** अहिंसा परमो धर्मः और जियो और जीने दो के संदेश के साथ आज नगर में जैन समाज ने भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत शोभायात्रा निकाला। मंगलवार को जैन भवन पंडरिया से गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। केसरिया और पीले परिधानों में सजे महिला-पुरुष शामिल हुए। हाथ में धर्म ध्वजा लिए युवा शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हटरी चौक पहुँची। इसके पश्चात हटरी चौक से स्वाध्याय भवन पहुँची, जहाँ धर्म सभा के साथ समापन हुआ।

### सेवा कार्यों का सिलसिला

महावीर जन्म कल्याणक उत्सव की शुरुआत एक दिन पूर्व ही सेवा कार्यों के साथ हो गई थी। दुर्ग रोड पर स्टॉल लगाकर राहगीरों को शरबत और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया था।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

स्वाध्याय भवन में शाम को विविध सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में जैन समाज की महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों के जरिए भगवान महावीर के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

## शोभायात्रा में गूंजा जिओ और जीने दो

**डोंगरगांव।** सत्य, अहिंसा और करूणा का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक श्वेतांबर जैन अनुनानियो ने धूमधाम के साथ मनाया। पूजा-अर्चना, नवकार मंत्र के जाप उपरांत शोभायात्रा श्री शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर से निकाली गई। भक्तिपूर्ण माहौल के बीच निकली शोभायात्रा में सत्य अहिंसा एवं शांति के संदेश गूंजायमान होते रहे। शोभायात्रा सदर लाइन, बाजार एरिया, पुराना बस स्टैंड, मुख्य मार्ग, संजय चौक से होते हुए मंदिर पहुंची। नगर भ्रमण के दौरान जैन धर्मावलंबियों ने भगवान महावीर की प्रतिमा की आरती किया।

### मांदरी नृत्य ने किया आकर्षित

शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण मंडावीटोला के दयाराम एवं साथी द्वारा प्रस्तुत मांदरी नृत्य रहा। राजनांदगांव के चंद्रेश जैन आदि ने महावीर को समर्पित भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को थिरकने मजबूर कर दिया। शोभायात्रा में दिनेश नखत ,स्वरूपचंद श्रीश्रीमाल, कमलेश नखत, शीतल लोढ़ा, रमन नाहटा, मनीष बोहरा, संदीप लोढ़ा, दिलीप नाहटा, पारस लोढ़ा, श्रद्धा बोहरा, निशा सांखला, लक्ष्मी नखत, सुनीता नखत, नेहा लोढ़ा, अशोक सांखला, अखिलेश नखत, पूनम श्रीश्रीमाल, सारिका बोहरा, अशोक बोहरा, अर्जुनी के ओमप्रकाश बैद, विजय जैन,अभय जैन, कुमरदा के अनुराग डागा, नीरू डागा, खुज्जी के उत्तम नाहटा, सुयश नाहटा, सौरभ नाहटा, प्रमोद राखेचा के अलावा पिनकापार,खामतराई आदि स्थानों के धर्मावलम्बी शामिल हुए।









# होटल-ढाबों पर दबिश, 3 घरेलू सिलेंडर जब्त

## खाद्य विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

खाद्य विभाग ने सोमवार को व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरूपयोग के खिलाफ कार्रवाई की। जीराटोला स्थित नटराज हाईवे होटल एंड ढाबा में छापा मार कर टीम ने 3 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए।

खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक के मार्गदर्शन में हुई जांच में पाया गया कि होटल में नियमों को ताक पर रखकर घरेलू सिलेंडरों का कमर्शियल इस्तेमाल किया जा रहा था। सहायक खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर ने बताया कि यह आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 का स्पष्ट उल्लंघन है। मौके से सिलेंडरों को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्रवाई में खाद्य निरीक्षक विनोद सागर, मनीष ध्रुव और दीपक धनकर शामिल थे।



### संयुक्त परिवार परेशान

गैस रिफिलिंग की अवधि बढ़ने से आम उपभोक्ताओं कीव्यवस्था बिगड़ गई हैं।पहले जो सिलेंडर 20 दिनों में मिल जाता था, अब उसके लिए 25 से 45 दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। बड़े परिवारों को इस देरी के कारण मजबूरी में नए कनेक्शन लेना पड़ रहा हैं। लोगों का कहना है कि यही स्थिति रही, तो लोगों को फिर से चूल्हा की ओर लौटना पड़ेगा।

### नहीं मिल रहा कामर्शियल सिलेंडर

एक ओर विभाग कार्रवाई कर रहा है, वहीं दूसरी ओर होटल संचालकों ने अपनी विवशता है। गंडई और आसपास के ढाबा संचालकों का कहना है कि व्यावसायिक सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। कई होटलों ने चाय बनाना बंद कर दिया है ताकि सीमित गैस में भोजन बनाया जा सके। गैस की कमी के कारण होटल संचालक अब दोबारा लकड़ी की भट्टियों का उपयोग करने मजबूर हैं।

### कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने 24 मार्च को कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के साथ त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिक बड़ी उम्मीदों के साथ जनदर्शन में अपनी समस्याएं लेकर आते हैं, उनकी शिकायतों का समाधान समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने आवश्यक कार्रवाई तत्काल करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण, नजूल प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्ती सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन कर विभागों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

# पिता की हत्या के बाद बेटा बना नक्सल पीड़ितों की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

दो दशक पहले नक्सलियों ने बबला साहू की से हत्या कर दी थी। नक्सलियों ने अन्य परिजनों को जान से मारने की धमकी देकर ग्राम से बेदखल कर दिया गया।

परिवार के कर्ताधर्ता की मौत के बाद परिवार बिखरने के कगार पर पहुंच गया था, वहीं दूसरी ओर उनके बेटे ने ठाना कि वह अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा। घटना के दो दशक बाद बबला साहू का बेटा धीरेन्द्र साहू नक्सल पीड़ित परिवारों की आवाज बन गया है। वह सिस्टम से लड़ाई लड़ रहा है। वह कहता है कि 20 साल मैने अपने पिता को खोया था, लेकिन आज भी कई परिवार दर्द झेल रहे हैं। सरकारें बदलती रहीं, वादे होते रहे, लेकिन पीड़ितों को अब तक पूरा हक नहीं मिला। वह लगातार नक्सल प्रभावित इलाकों में जाकर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### अब तक लड़ाई जारी

श्री साहू के प्रयासों से कई प्रभावित परिवारों को नौकरी, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर और आर्थिक सहायता मिल चुकी है। सैकड़ों बच्चों को छात्रवृत्ति भी दिलाई गई है। इसके बावजूद उनका कहना है कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। जब तक हर पीड़ित परिवार को सम्मान और सुरक्षा नहीं मिलती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। धीरेन्द्र ने बताया कि पीड़ितों के पुनर्वास के लिए कलेक्टर कार्यालय से लेकर राष्ट्रपति कार्यालय तक धरना-प्रदर्शन करना पड़ा। लंबे संघर्ष के बाद ही सरकार ने उनकी मांगें मानीं और वर्ष 2025 में नई पुनर्वास नीति लागू की गई।

## जगह-जगह सड़क उखड़ी, जानलेवा गड्ढे

# उखड़ती सड़क दुर्घटना को दे रही दावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

छुईखदान- गंड़ई सड़क कई स्थानों पर जर्जर हो गई है जिससे दुर्घटना होने की आशंका प्रबल होते जा रही है। उबड खाबड़ रास्ते से छोटे बड़े वाहन हिचकोले खाते गुजरते है और कई बार हादसे के शिकार हो जाते हैं। सड़क उखड़ने से दोपहिया वाहन को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा बीते माह कुछ स्थानों पर मरम्मत कार्य किया है परन्तु गड्ढों को जस तस छोड़ दिया है।

जानकारी के अनुसार भोरमपुर, गभरा, घिरघोली के मध्य कुकुरमुड़ा चौक, नर्मदा चौक, सड़क अतरिया, चकनार सहित कुछ अन्य स्थानों पर सड़क मरम्मत किया जाना आवश्यक हो गया है। ज्ञात हो कि यह मार्ग दो जिलों को जोड़ता है जिससे चौबीस घंटे छोटे बड़े वाहनों की आवाजाही होते रहती है। गतिरोधक नहीं होने की स्थिति में वाहनों की रफ्तार काफी तेज रहती है जो गांव के समीप पहुंचने पर भी कम नहीं होती है।



### चौक के समीप जानलेवा गड्ढा

नर्मदा चौक के समीप बड़ा गड्ढा हुए छह माह से अधिक हो गया है। पूर्व में विभाग ने पानी भरे होने का हवाला देकर गड्ढे में मिट्टी डाल कर औपचारिकता पूरा कर लिया था। बरसात के बाद भी इस गड्ढा को उचित तरीके से नहीं पाटा गया है जिससे गड्ढा दिनों दिन बढ़ते जा रहा है। इस गड्ढे से सभी वाहनों को परेशानी होती है। दो पहिया वाहन चालक कई दफा दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने बताया कि इसकी मरम्मत कराने के लिए विभाग को अवगत कराया गया है पर अब तक पहल नहीं हुई है।

### सड़क पर खतरनाक गड्ढे

सड़क अतरिया के बंजारी मंदिर के समीप सड़क के बीचों बीच एक जानलेवा बड़ा गड्ढा बने माह भर का अधिक का समय हो गया है। गड्ढा के गहरा होने से दो पहिया वाहन कई बार हादसे का शिकार हो चुके है। विभाग द्वारा स्थान को केवल सफेद मार्क कर यूं ही छोड़ दिया गया है। जिसका मरम्मत किया जाना आवश्यक है। सरपंच प्रतिनिधि लोमश वैष्णव ने इस संबंध में बताया कि इसकी जानकारी विभाग को दिया जा चुका है पर मरम्मत नहीं हो रहा है। इसी प्रकार नर्मदा चकनार के मध्य में सड़क के मध्य बने दो गड्ढा हादसे को न्यौता देते रहते हैं।

### सड़क पर संकेतक नहीं

छुईखदान गंड़ई के मध्य ऐसे आधा दर्जन से अधिक स्थान है जहां अक्सर हादसे होते है। गांव में गति सीमा, स्कूल, क्रासिंग, चिकित्सालय आदि के संकेतक नहीं लगा है। जानकारी मुताबिक ऐसे स्थानों पर संकेतक लगाया जाना प्रस्तावित था ताकि दुर्घटना रोका जा सके।

### मरम्मत कराया जाएगा

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने स्वीकार किया कि कुछ जगहों पर सड़क काफी खराब हो गई है। विभाग को बोलकर शीघ्र मरम्मत कराया जाएगा।

# त्याग का प्रतीक है मां कर्मा का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



ग्राम भोलापुर में भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । प्रमुख अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता चुरामन साहू ने की । इस दौरान भुनेश्वर साहू, भारत साहू, शीशपाल साहू, कुमार साहू मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि यह दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि उनके आदर्शों और शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का दिन है। कर्मा माता ने अपने जीवन में भक्ति, सेवा और त्याग का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने हमें सिखाया कि सच्ची भक्ति केवल पूजा-पाठ में नहीं, बल्कि अपने कर्मों में होती है। इस अवसर पर प्रकाश मोटघरे, अश्वनी कलिहारी, उमेश साहू, हुकुम साहू, नैनसिंह पटेल, खिलेंद्र साहू, वीरेंद्र साहू, सोहन साहू, पंचराम साहू, चमेलीबाई ठाकुर सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी

**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशंसा से जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने अपनी कार्यकारिणी में कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है। जिला कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र सिंह भाटिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम, पूर्व जनपद अध्यक्ष गोविंद टंडन, जिला महामंत्री पद पर राजूसिंह राजपूत, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज चौहान, इंद्रपाल सिंह राजा, शिशुपाल भारती, चुम्मन साहू, सचिव पद पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता, विष्णु लोधी, अमीन उईके, मतीन खान को शामिल किया है। नरेश करसे वाल्मीकि एवं कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्याऊ घर सेवा का शुभारंभ




**राजनांदगांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा ठाकुर प्यारेलाल चौक में प्याऊ घर सेवा का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान प्याऊ घर सेवा के माध्यम से राहगीरों को शीतल पेयजल का वितरण स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा किया गया। यह प्याऊ घर सेवा त्रिशंख मंडल एवं हनुमान मंदिर समिति के सहयोग से आरंभ की गई है।

### फिरोज ने खेल मंत्री संग खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** नई दिल्ली में हॉकी जगत का प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया अवार्ड्स का आयोजन किया गया। हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडविय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह में भारतीय पुरूष एवं महिला हॉकी टीम के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए करोड़ों रुपए नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फिरोज अंसारी, जो हॉकी इंडिया के सह-सचिव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष हैं, ने खेल मंत्री के साथ मंच साझा किया और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारत के महान हॉकी खिलाड़ी अजित पाल सिंग की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उनके हाथों "अजीत पाल सिंह मिडफील्डर अवार्ड" भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी सुमित कुमार को प्रदान किया गया। साथ ही अन्य पुरस्कारों में मेजर ध्यानचंद लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार महान हॉकी खिलाड़ी जफर इकबाल को डिफेंडर ऑफ द ईयर संजय राणा को, अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर साक्षी राणा (महिला), प्रिंस दीप सिंह (पुरुष), प्लेयर ऑफ द ईयर नवनीत कौर (महिला), हार्दिक सिंह (पुरूष) को प्रदाय किए गए। इस भव्य आयोजन ने भारतीय हॉकी खिलाड़ियों के मनोबल को नई ऊंचाई प्रदान की तथा देश में हॉकी के विकास के प्रति सरकार और हॉकी इंडिया की प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रदर्शित किया।



### रिद्धी-सिद्धि कालोनी में सुंदरकांड और भंडारा

**राजनांदगांव।** हनुमान जयंती के अवसर पर रिद्धी-सिद्धि कालोनी फेस-1 के गणेश मंदिर में सामूहिक अभिषेक, सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। दो अप्रैल को कालोनी के गणेश मंदिर में सुबह 10 बजे से हनुमान जी का सामूहिक अभिषेक कर पूजा-अर्चना की जाएगी। संध्या 6 बजे से महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड का सामूहिक गायन और आरती के बाद रात्रि आठ बजे से सामूहिक भंडारे का कार्यक्रम शुरू होगा। कालोनी के अध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि कालोनी की मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस हनुमान जन्मोत्सव में सभी भक्तों को आमंत्रित किया गया है।

### सफाई कर्मचारी द्रौपदी का विदाई समारोह

**राजनांदगांव।** वार्ड क्र. 45 रामकृष्ण नगर में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम की सफाई कर्मचारी श्रीमती द्रौपदी कृष्णा बघेल के सेवानिवृत्ति पर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर पार्षद दुरेंद्र साहू व सेवक उइके द्वारा श्रीमती बघेल को श्रीफल एवं उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं सहयोगियों ने उनके वर्षों के उत्कृष्ट सेवा कार्यों की सराहना करते कहा कि श्रीमती बघेल ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ किया। पार्षद दुरेंद्र साहू ने कहा कि श्रीमती बघेल का कार्यकाल पूरे वार्ड के लिए प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका अनुशासन और कार्य के प्रति समर्पण अन्य कर्मचारियों के लिए मिसाल है। कार्यक्रम में प्रमोद साहू, शुभम साहू, निवेश देशपांडे, गणेश, वीरेंद्र, बसंत, रामकिशन एवं सुनैना सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्रीमती बघेल के उज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते उन्हें भावभीनी विदाई दी।



### स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्र मंडल बल्देवबाग द्वारा होली मिलन, रामनवमी और गुड़ी पड़वा के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय एक निजी होटल में उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती के साथ हुई। जिससे पूरे माहौल में भक्तिमय वातावरण बन गया। इस अवसर पर मंडल से बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर त्यौहारों की खुशियां साझा की। मंडल के अध्यक्ष प्रदीप अवथनकर ने सदस्यों का स्वागत करते कहा कि महाराष्ट्र मंडल के हर आयोजन की सफलता में सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह सहयोग की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। सुषमा शिल्लेदार, चित्रा हस्तक और मनोज शीरसागर ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। जिसमें मंडल के कोषाध्यक्ष विवेक ढोक और सचिव संजू शेवलीकर ने अतिथियों और सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



### अविनाश बने प्रथम डबल करोड़पति अभिकर्ता

**खैरागढ़।** जिले में जीवन बीमा के पॉलिसीधारकों की उत्कृष्ट सेवा के लिए पहचान बना चुके अविनाश नीलेंद्र शर्मा ने एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी वर्ष उन्होंने शतकवीर सम्मान प्राप्त करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित एमडीआरटी यूएसए की उपलब्धि पुनः हासिल की है। निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्त करते हुए वे डबल करोड़पति बनकर राजनांदगांव खैरागढ़ जिले में प्रथम स्थान हासिल करने में सफल रहे जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। अविनाश शर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता नीलेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य भारतीय जीवन बीमा निगम के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाना और लोगों को सुरक्षित भविष्य के प्रति जागरूक करना है।



### कैंसर जांच से लेकर गौसेवा तक, जैन समाज ने रचा सेवा का इतिहास

# भक्ति, सेवा और मानवता का दिखा संगम

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर में महावीर जन्म कल्याणक इस वर्ष केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह महोत्सव सेवा, समर्पण और सामाजिक जागरूकता का विशाल अभियान बनकर उभरा। सकल जैन श्री संघ के नेतृत्व में 22 मार्च से शुरू बहुआयामी आयोजन ने पूरे शहर को एक सूत्र में पिरोते हुए अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह निकलने वाली प्रभात फेरियों ने शहर के सभी 20 वार्डों में धर्म और भक्ति का वातावरण निर्मित किया। भगवान महावीर चौक से प्रारंभ होकर ये फेरियां अलग-अलग मार्गों से गुजरते हुए शहर की प्रमुख गौशालाओं तक पहुंचीं।

24 मार्च को श्रीराम गौशाला किल्लापारा में, 26 मार्च को रूख्खड़ स्वामी गौशाला में और 28 मार्च को मनोहर गौशाला में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गायों को आहार खिलाया। यह केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं बल्कि जीव दया के सिद्धांत को व्यवहार में उतारने का जीवंत उदाहरण बना। हर दिन प्रभात फेरी का समापन महावीर चौक में हुआ, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

#### निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा

महोत्सव का मुख्य आकर्षण भव्य शोभायात्रा रही जो भगवान महावीर चौक से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दादाबाड़ी तक पहुंची जहॉ पूरे दिन नवकारसी, स्वामी वात्सल्य और सम्मान समारोह हुआ इस दौरान समाज के बच्चे बुजुर्ग सहित महिलाए व युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।





#### 307 रक्तवीरों ने दिया जीवनदान, हेलमेट वितरण बना आकर्षण

25 मार्च को जैन यूथ क्लब द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 307 युवाओं और नागरिकों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदाताओं को हेलमेट वितरित कर सडक़ सुरक्षा का संदेश भी दिया गया, जिससे यह आयोजन सामाजिक जागरूकता का भी माध्यम बन गया। 29 मार्च को कुशल पैलेस में सुबह 8 से 9 बजे तक नवकार मंत्र का जाप हुआ। इस दौरान समाज के लोगों ने विश्व शांति, सुख और समृद्धि की कामना करते हुए सामूहिक साधना की, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

#### साइबर सुरक्षा से लेकर कैंसर जांच तक हर क्षेत्र में पहल

भारतीय जैन संघटना के नेतृत्व में आयोजित साइबर जागरूकता शिविर में साइबर प्रभारी धर्मेंद्र वैष्णव एवं उनकी टीम ने लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए। 27 मार्च को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की पिंक वेन के माध्यम से 55 लोगों की निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग की गई, जबकि कुल 150 नागरिकों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

#### स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिसाल, सैकड़ों लोगों को मिला लाभ

स्वास्थ्य सेवाओं ने इसे जनहित का बड़ा अभियान बना दिया। 22 मार्च को आयोजित रक्त जांच शिविर में 69 प्रकार की जांच मात्र 700 रुपए में उपलब्ध कराई गई, जिसका लाभ 140 नागरिकों ने उठाया। 24 मार्च को बाफना भवन में आयोजित विशाल आयुर्वेदिक शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग 150 मरीजों का उपचार किया गया और निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

#### टीबी मरीजों को मिला पोषण

30 मार्च को जैन समाज के सदस्य सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां मरीजों को स्टील पानी बोतल, हेडवॉश सहित उपयोगी सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही भारतीय जैन संघटना द्वारा 21 टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार प्रदान कर उनके स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इस दौरान रोज शाम को दादाबाड़ी मे आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों ने महोत्सव को और भी भव्य बना दिया। 28 मार्च को वाणी महावीर कार्यक्रम में महिला मंडल ने शानदार प्रस्तुति दी। 30 मार्च को संस्कारों की शक्ति कार्यक्रम में बहु मंडल की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। 31 मार्च को भाव यात्रा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन होगा।



**राजनांदगांव।** नक्सलमुक्त होता छत्तीसगढ़ को लेकर प्यारेलाल चौक स्थित शहीद एसपी व्हीके चौबे की प्रतिमा पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नक्सली हमले में शहीद जवानों, ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी।

## दिग्विजय कॉलेज में अतिथि व्याख्यान

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग में प्राथमिक शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य समस्या विषय पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी द्वारा डॉ. सेजल का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया तथा व्याख्यान के उद्देश्य के बारे में बताया तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू द्वारा व्याख्यान के महत्व से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। तत्पश्चात डॉ. सेजल मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता द्वारा प्राथमिक मानसिक स्वास्थ्य समस्या पर व्याख्यान दिया गया। डॉ. सेजल ने अपने व्याख्यान में बताया कि हमारे समाज में लोगों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कई प्रकार की समस्याएं देखने को मिलती है। उसे किस प्रकार हमको समझना चाहिए कि लोग मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य समस्या से ग्रसित है, उनमें किन-किन प्रकार की समस्या हमको देखने को मिलती है और किस प्रकार हम उनकी समस्याओं को पहचान कर हमें उनकी मदद करना चाहिए, इस बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई तथा विद्यार्थियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया व उनकी समस्याओं का निदान किया गया।




कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन समाजशास्त्र अतिथि व्याख्याता चित्रांशा राठौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एके मंडावी, ललिता साहू, डॉ. प्रियंका लोहिया, चित्रांशा राठौर, तारणी साहू, शालिनी सोनी व समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## खुज्जी उपकेन्द्र की क्षमता में विस्तार : 53 लाख की लागत से नया पॉवर ट्रांसफार्मर उर्जीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के खुज्जी क्षेत्र में विद्युत अधोसंरचना को सशक्त बनाने एवं विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। इस योजना के अंतर्गत खुज्जी स्थित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 53 लाख रुपए की लागत से स्थापित 3.15 एमव्हीए के नए अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर को राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया। इस क्षमता वृद्धि से खुज्जी क्षेत्र के 62 ग्रामों के लगभग 13471 कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

#### अधिकारियों की उपस्थिति

इस अवसर पर शंकेश्वर कंवर, बीरबल उइके, मुकेश कुमार साहू, एडी टंडन, रविकांत शर्मा, यशवंत तुमरेकी, प्रशांत कोडापे, दिलीप सोनी एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस कार्य को क्षेत्र के समग्र विकास और कृषि उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।




#### ग्रामीणों को धान के मौसम में बड़ी राहत

क्षेत्र की विद्युत समस्याओं पर प्रकाश डालते श्री सेलट ने कहा कि पहले इस उपकेन्द्र में 5.0 एमव्हीए और 3.15 एमव्हीए के एक ट्रांसफार्मर कार्यरत थे, जो अक्सर ओवरलोड हो जाते थे। विशेषकर धान की फसल के दौरान लोड शेडिंग और लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती थी। अब क्षमता विस्तार के बाद खुज्जी क्षेत्र के 62 गांव के लगभग 13471 किसानों और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली और बेहतर वोल्टेज की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

#### क्षमता में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी


कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव एवं प्रबंध संचालक (वितरण) भीमसिंह कंवर के मार्गदर्शन में यह कार्य पूर्ण किया गया है। इस नए ट्रांसफार्मर के लगने से खुज्जी उपकेन्द्र की कुल पॉवर क्षमता 8.15 एमव्हीए से बढ़कर अब 11.30 एमव्हीए हो गई है।

#### खेती के सीजन में मिलेगी बड़ी राहत

कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने बताया कि इस अपग्रेडेशन से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी समाधान होगा। विशेष रूप से खेती के सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) द्वारा राजनांदगांव जिले के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने लगातार ऐसे कार्य किए जा रहे हैं।

## मोर मकान मोर आवास, आबंटन आज

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस के अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास योजनांतर्गत मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुंदर सुविधायुक्त 1427 बहु मंजिला आवास लखोली, पेंड्री, मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है एवं 503 आवास विभिन्न स्तरों पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 236 पात्र आवेदकों को आवास का आबंटन किया गया। परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर 1 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे निगम सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किए जाएंगे।



#### लाटरी के माध्यम से आवंटन

नगर निगम आयुक्त अतुल विष्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत वर्षो से किराये में निवासरत परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है। दावा-आपत्ति उपरांत पूर्व की सूची के 874 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत लॉटरी के माध्यम से 1 अप्रैल को आवास का आबंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत जिन परियोजनाओं में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किए जा चुके है अर्थात ऐसे आवास जो हितग्राहियों को आबंटन हेतु पूर्ण रूप से तैयार हैं, उन आवासों में हितग्राहियों को हितग्राही अंशदान की राशि एकमुष्त अग्रिम जमा करनी होगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है, उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं शेष राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी। निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन आवास 272 यूनिट लखोली 2,74,044.00 रुपए 258 यूनिट रेवाडीह, पेंड्री 2,91,027.00 रुपए 870 यूनिट पेंड्री एवं मोहारा 2.80,115.00 रुपए से सभी निर्माणाधीन आवास एक वर्ष में पूर्ण कर लिए जाएंगे। हितग्राही आबंटन उपरांत अपने स्वयं के आवास को अपनी आंखें के सामने बनते हुए देख सकते हैं।

### दम तोड़ रही त्रिनेत्रम योजना, तारों की क्वालिटी भी बेहद खराब

# शहर में सत्तर फीसदी सीसीटीवी कैमरे खराब, त्रिनेत्रम योजना का आय और व्यय को सार्वजनिक करने कांग्रेस ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने शहर की सुरक्षा को ध्यान में रखते त्रिनेत्रम सीसीटीवी कैमरा लगाने की, जो कार्ययोजना तत्कालीन कलेक्टर संजय अग्रवाल की अगुवाई में प्रारंभ हुई। जिसमें व्यापक सफलता व कई अपराध नियंत्रण में सहायता देखने मिली थी, लेकिन वर्तमान समय में लगभग 70 प्रतिशत कैमरे संधारण की समस्या के कारण बंद पड़े हैं। जिससे योजना पूरी तरह से दम तोड़कर कैमरे सिर्फ शोपीस के रूप में स्थापित है।

जिसके चलते शहर की सुरक्षा व्यवस्था भी बाधित हो रही है। परिणामतः शहर में लगातार चोरी एवं आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही है, इसलिए त्रिनेत्रम योजनांतर्गत जितने भी कैमरे लगे हैं, उसे तत्काल प्रारंभ किया जाना अनिवार्य है। यह योजना जनसहयोग, सामाजिक संगठन एवं प्रगतिशील सोच वाली संस्थाओं द्वारा स्वफूर्त दी गई सहयोग राशि से प्रारंभ किया गया था और वर्तमान में जब यह दम तोड़ने की स्थिति में आ गई है तो वैसी दशा में जनसहयोग की भावना भी आहत हो रही है, इसलिए जनभावनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते जिला प्रशासन त्रिनेत्रम योजना में राशि प्रदान करने वालों का नाम सार्वजनिक करें।

साथ ही कैमरे के लैंस क्षमता, कंपनी के नाम, क्रय का माध्यम, तारों की क्वालिटी, मेन्टेनेंस करने के लिए किसे दिया गया और उसे की गई राशि का भुगतान और वर्तमान में प्रशासन के पास इस मद में कितनी राशि है, इसके लिए प्राधिकृत कौन है, इसका विस्तृत ब्यौरा सार्वजनिक किया जाना चाहिए, ताकि आम जनता को जनसहयोग करने वाले संस्थानों और प्रशासन की प्रदर्शिता सार्वजनिक हो और जनसहयोग की मंशा वाले और आगे आकर के सहयोग करें। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा भी शहर की सुरक्षा को ध्यान में रखते विधायक निधि से सीसीटीवी कैमरा लगाने राशि उपलब्ध कराने की बात अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए थे, ऐसी दशा में डॉ. रमन सिंह द्वारा सीसीटीवी कैमरे के लिए कितनी राशि विधायक निधि से दी गई है या शासन से कितनी राशि उपलब्ध कराई गई है, इस बात को भी सार्वजनिक किया जाए, क्योंकि यह शहर की सुरक्षा और एक बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के पहल की कार्ययोजना है। ऐसी दशा में प्रशासन निष्पक्ष रूप से इस पर संज्ञान लेकर आय-व्यय की जानकारी सार्वजनिक करें और बंद पड़े कैमरों को तत्काल प्रारंभ कराए। साथ ही सीमांतर्गत वार्डों में भी कैमरे लगाकर शहर की सुरक्षा को कैमरे की नजर में रखने की मजबूत प्रबंधन करें। श्री दुबे ने कहा कि शहर की यह काफी महत्वाकांक्षी योजना रही है।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतिम दिन आज शहर में बरघोड़ा निकाला गया और पूरा शहर जय महावीर के नारों से गूंज उठा। सकल जैन समाज द्वारा आज महावीर जयंती के उपलक्ष्य में सुबह 6:00 बजे प्रभात फेरी निकाली गई उसके बाद सुबह 9:00 बजे बरघोड़ा निकला जो शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ वापस जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ।

सकल श्री जैन संघ के अध्यक्ष विनय डड्ढा, उपाध्यक्ष अशोक झांझरी, सचिव अजय सिंगी एवं कोषाध्यक्ष खुशालचंद पारख तथा आयोजन सिमिति के संजोयक मिश्रीलाल गोलछा, सह संयोजक विजय कांकरिया, उपाध्यक्ष नरेश बैद, सचिव गौतम बाफना, सहसचिव अतिन जैन, कोषाध्यक्ष सीए ऋषभ नाहटा, श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा आयोजन से जुड़े जीवन बैद, ललित भंसाली, भावेश बैद एवं रोशन गोलछा ने बताया कि महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत 27 मार्च से विविध धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। 30 मार्च को सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप जैन बगीचे में हजारों लोगों ने एक साथ किया। लोगों ने विश्व शांति की कामना की। संध्या को विभिन्न जैन संघ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लुत्फ उठाया। इस दौरान जैन बगीचा प्रांगण लोगों से खचाखच भरा रहा।

## जय महावीर के नारों से गूंज उठा शहर, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

### भावेश के भजनों में झूमे श्रद्धालु

शोभा यात्रा में शहर के जाने-माने भजन गायक भावेश बैद ने भगवान महावीर के भजनों के प्रस्तुति दी। जिसमें श्रद्धालु जमकर झूमते रहे। शोभायात्रा के दौरान हजारों की संख्या में सकल जैन समाज से महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान भगवान महावीर के जयकारे से शहर गुंजायमान होता रहा।



### महावीर स्तंभ पर पूजा

शोभायात्रा के दौरान शहर के स्टेशन रोड चौक पर स्थित महावीर स्तंभ पर पहुंचकर समाज के लोगों ने यहां पूजा-अर्चना की। भगवान महावीर जन्म कल्याणक से पूर्व यहां पर स्तंभ परिसर का आकर्षक जीर्णोद्धार किया गया है, जहां पूजा-अर्चना करते हुए समाज के लोगों ने अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया।



### 150 लोगों ने किया रक्तदान


आयोजन समिति ने बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में स्वामी वात्सल्य का आयोजन सुबह 11:30 बजे से जैन बगीचे में हुआ। इसी दिन यहां प्रातः 10:30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें 150लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक शरबत वितरण हुआ ।आज ही शाम को 7:30 बजे से जैन बगीचे में भजन संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।कल्पवृक्ष जिनालय में शाम 6:00 बजे महावीर स्वामी जी की आरती हुई और शाम 7:00 से जैन बगीचे में भक्ति संध्या का आयोजन हुआ । यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

### निकली प्रभातफेरी

आज अंतिम दिवस सुबह 6 बजे जैन मंदिर प्रांगण से प्रभात फेरी निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में भी बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसके बाद सुबह 9 बजे जैन मंदिर प्रांगण से बरघोड़ा निकला। बैंड बाजे के साथ निकला यह बरघोड़ा शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ महावीर स्तंभ पहुंचा जहां संघ के वरिष्ठों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद बरघोड़ा वापस जैन मंदिर पहुंचा। बरघोड़ा का जगह-जगह स्वागत हुआ। बरघोड़ा के नगर भ्रमण के दौरान भगवान महावीर पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाती रही। इसके अलावा जय महावीर का नारा भी गूंजता रहा।बरघोड़ा में भी बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

# सिद्ध पीठ बालाजी मंदिर में धूमधाम से मनेगा हनुमान जन्मोत्सव पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को महावीर हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। पुराना गंज चौक समीप स्थित सिद्ध पीठ बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

1 अप्रैल को सुबह 9 बजे से अंखड रामायण पाठ आयोजित है। वहीं 2 अप्रैल को सुबह 5 बजे से लेकर देर शाम रात तक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बाल समाज के संयोजक दामू भूतड़ा ने बताया कि मंगलवार को बालाजी मंदिर में महिलाओं द्वारा दिनभर रामायण पाठ व हनुमान चालीसा पाठ जारी रहा। वहीं बुधवार 1 अप्रैल को मंदिर में सुबह 9 बजे से अखंड रामायण पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### भगवान बालाजी का होगा दुग्धाभिषेक

हनुमान जन्मोत्सव पर्व धूमधाम से मनाने के लिए दामू भूतड़ा, संतोष हुंका, सचिन अग्रहरि, नंदू भूतड़ा, पवन डागा, मनीष खंडेलवाल, नीरज माहेश्वरी, बिसन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मोहन मेश्राम, मनोज बैद, राजू खंडेलवाल, रतन, कैलाश राठी, राजेश पोरवाल आदि जुटे हुए हैं। पुजारी हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि 150 वर्ष पुरानी सिद्ध पीठ बालाजी मंदिर में सुबह प्रभातफेरी तत्पश्चात 5 बजे से सामूहिक रामायण पाठ, 8 बजे भगवान बालाजी का दुग्धाभिषेक, 9 बजे श्रृंगार आरती, 10 बजे पूजन-हवन के बाद सुंदरकांड का पाठ। तत्पश्चात दोपहर 12 से 3 बजे तक महाप्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 4 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ, शाम 7.30 बजे भगवान बालाजी की महाआरती होगी। शाम 8 बजे से भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हनुमान जयंती पर कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

# दो एकड़ की फसल जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



ग्राम खैरा नवापारा में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को एक किसान के ब्यारा में रखी फसल आग में जल गई, जिससे कृषक को काफी क्षति होने की जानकारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को खैरा निवासी धनीराम जंघेल के सभी प्रमुख सदस्य परिवार काम से गांव से बाहर गए हुए थे। घर से लगे ब्यारा में एक एकड़ का चना तथा आधा-आधा एकड़ का गेंहू व मसूर की फसल रखी हुई थी। जिसकी मिंजाई होना बाकी था। रात तकरीबन साढ़े 10 बजे रखी फसल में आग लग गई, जिसका कारण अज्ञात है। पड़ोसी जब किसी काम से अपने घर से बाहर निकले तो धनीराम के ब्यारा में धुंआ निकलते तथा आग जलते हुए देखा। जिसकी सूचना घर वालों को दी। ग्रामीण जब मौके पर जाकर देखे तो ब्यारा में रखी फसल जल रही है। उपस्थित लोगों ने तत्काल बोर आदि के माध्यम से आग को बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, पर अस्सी फीसदी से अधिक फसल जलकर खराब हो गई। कृषक ने इसकी जानकारी राजस्व विभाग को दे दिया है। ग्रामीण पीड़ित कृषक को क्षतिपूर्ति देने की मांग किया है।

### कारण अज्ञात

कृषक के ब्यारा में रखे दो एकड़ की फसल में आग कैसे लगी, इस बात की जानकारी नहीं हो पायी है। विभाग के छानबीन के पश्चात आगजनी का कारण स्पष्ट होगा। ब्यारा उसके कच्चे मकान से लगा हुआ है। आग अगर उसके घर तरफ चली जाती तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। ग्रामीणों की तत्परता से सही समय पर आग पर काबू पा लिया गया।

## बिलासपुर-रायगढ़ रेलवे ट्रैक में जयराममनगर स्टेशन के कुछ पहले मिली थी लाश

# रेलवे ट्रैक में मिला नाबालिग का शव, हत्या के एंगल से जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अपने मामा की शादी के जश्न में शामिल होने गांव से आई एक बालिका का रेलवे ट्रेक के पास शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने के बाद पुलिस ने हत्या के एंगल से जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नाबालिग अपने प्रेमी के साथ ट्रेन के जरिये बिलासपुर गई थी, जहां किसी विवाद पर हत्या किए जाने का मामला हो सकता है। पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि अब तक पुलिस ने इस मामले में कोई भी जानकारी जारी नहीं की है।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक के गांव की नाबालिग बच्ची अपने मामा के यहां शादी में 28 मार्च से शहर से सटे पिपरिया वार्ड में आई थी, लेकिन शादी के बीच बिना किसी को बताए वो रात के समय कहीं चली गई थी। शादी समारोह के चलते परिवारजनों ने सोचा कि वो वापस चिचोला चली गई है। 29 मार्च की सुबह पता चला कि वो चिचोला नहीं पहुंची है। जिसके बाद



हड़बड़ाए परिजनों ने रिश्तेदारों सहित आसपास पतासाजी की, लेकिन कुछ पता नहीं चलने पर दोपहर को उसके पिता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते जिले के अलावा पड़ोसी जिलों में भी गुमशुदगी की सूचना दी।

इस बीच पता चला कि उसी सूरत की एक बच्ची की लाश बिलासपुर-रायगढ़ रेलवे ट्रैक में जरयामनगर स्टेशन के कुछ पहले मिली है।

### तीन संदेही हिरासत में

पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामले में तीन संदेहियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार संदेहियों में एक नाबालिग एवं दो युवक शामिल हैं। इनमें से एक युवक के साथ नाबालिग का प्रेम संबंध था। ऐसा बताया जा रहा है कि नाबालिग के कहने पर ही उसका प्रेमी युवक देर रात पिपरिया पहुंचा, जहां से दोनों डोंगरगढ़ गए। इस बीच रास्ते में नाबालिग और एक अन्य युवक मिला। सभी चार डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन से बिलासपुर की ओर निकले। इस बीच दरवाजे के पास बच्ची और प्रेमी युवक बैठा था। किसी बात को लेकर विवाद हुआ और युवक ने उसे चलती ट्रेन से धक्का दे दिया था। मामले में यह भी सुनाई दे रहा कि बच्ची का जिस युवक से प्रेम था, वह दूर के रिश्ते में था।

### मस्तूरी थाना से मिली जानकारी

पुलिस ने मस्तूरी थाना से संपर्क किया तो पता चला कि बच्ची की लाश 29 मार्च को सुबह ही मिली है। जबकि उसकी गुमशुदगी की सूचना 29 की दोपहर परिजनों ने दर्ज कराई है। पुलिस ने मस्तूरी थाना से संपर्क किया और आज सुबह परिजनों को लेकर मस्तूरी पहुंची, जहां पीएम सहित अन्य कानूनी प्रक्रिया के बाद बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया गया। देर शाम चिचोला में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# कार ने बाइक को ठोंका, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तेज गति एवं लापरवाही से भाग रही कार ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे बाइक में सवार दो लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर सोमनी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 मार्च को बाइक में सवार होकर नरोत्तम निषाद 40 वर्ष एवं उपेन्द्र देशमुख 45 वर्ष निवासी चिरचार अर्जुन्दा दुर्ग की ओर से आ रहे थे।

वे सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेडेसरा के पास नेशनल हाईवे में एक ढाबा के सामने पहुंचे ही थे कि पीछे से तेज गति एवं लापरवाही से आ रही कार ने ठोकर मार दिया। पुलिस के अनुसार इस घटना में बाइक में सवार दोनों को गंभीर चोंटे आई थी, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है। नेशनल हाईवे में दुर्घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है। जिससे लोगों में चिंता व्याप्त होने लगा है।


# भक्ति से मनेगा हनुमान जन्मोत्सव, आज शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान श्रीराम भक्त वीर हनुमान का जन्मोत्सव अंचल में श्रद्धा भक्ति एवं धार्मिक आयोजनों के बीच मनाया जाएगा। घर व मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। पर्व के एक दिन पूर्व कल 1 अप्रैल को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी है।

हनुमान जयंती आयोजन समिति जयस्तंभ चौक द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी हनुमान जयंती आयोजन समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन एक दिवसीय हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### धार्मिक आयोजन व होगा भंडारा



इस अवसर पर विशेष आरती पूजा के साथ ही विविध धार्मिक आयोजन एवं भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किए जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है। पर्व को लेकर मंदिरों में आकर्षक साज-सजावट की गई है। वहीं शहर में भी कई स्थानों पर साज-सजावट की गई है।

### कलाकार देंगे प्रस्तुति

शोभायात्रा में धुमाल पार्टी रंग-तरंग सजीव झांकी सहित रंग-तरंग ब्लास्ट फ्लाई फ्लावर डेकोरेशन राउत नाचा पंथी मादरी नृत्य बैंड पार्टी और भजन की प्रस्तुति दी जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सर्वेश्वर दास हायर सेकंडरी स्कूल के गांधी सभागृह के पास पहुंचकर समाप्त होगी।

### मंदिरों में व्यापक सजावट

इधर शहर के प्रमुख मंदिरों में बालाजी हनुमान मंदिर गंज चौक, महावीर चौक हनुमान मंदिर, भानपुरी हनुमान मंदिर, सिंगारपुर हनुमान मंदिर, शीतला मंदिर हनुमान मंदिर, मानव मंदिर चौक हनुमान मंदिर, श्री मिथिलाधाम गणेश मंदिर, प्यारेलाल चौक हनुमान मंदिर, तुलसीपुर हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धा-भक्ति के साथ 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### प्रमुख मार्गों से निकलेगी शोभायात्रा

जिसके तहत कल 1 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति के झम्मनलाल देवांगन एवं राजेंद्र यादव ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा विगत 12 वर्षों से मनाई जा रही है। इस वर्ष भी यह आयोजन किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि महोत्सव की पूर्व संध्या 1 अप्रैल को सर्वेश्वर दास हायर सेकंडरी स्कूल के गांधी सभागृह के पास से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# लोक मंडई के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम तुमडीबोड में आयोजित लोक मंडई के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर चार वाहन जब्त किया है। वहीं बारिश की वजह से मचे अफरा-तफरी के बीच गुम हुए बच्चों को परिजनों से मिलाया गया। इस दौरान चाकू लेकर घूम रहे आरोपी को भी पकड़कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार ग्राम तुमडीबोड़ में आयोजित तीन दिवसीय लोक मंडई एवं कृषि मेला के दौरान पुलिस चौकी तुमडीबोड़ द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के दिशा-निर्देश में पुलिस चौकी प्रभारी तुमडीबोड, निरीक्षक दिलीप कुमार पटेल द्वारा मेला स्थल तुमडीबोड़-डोंगरगढ़ रोड पर वाहन चेकिंग किया गया। इस दौरान 2 कार एवं 2 मोटर साइकिल चालकों को अत्याधिक शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने पर उनके वाहन जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। साथ ही ग्रामीणों को नशे में वाहन न चलाने के संबंध में जागरूक किया गया।

### बिछड़े सात बच्चों को परिजनों से मिलाया

मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात राजनांदगांव पुलिस बल ने अचानक हुई बारिश के दौरान अफरा-तफरी से भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़े 7 बच्चों को पुलिस ने सुरक्षित परिवार वालों का पता तलाश कर उनके परिजनों से मिलाया। जिससे परिजनों में राहत एवं खुशी का माहौल बना।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

मेला स्थल में एक व्यक्ति द्वारा चाकू लेकर लोगों को भयभीत करने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते आरोपी जिनेन्द्र पाल 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना चौकी तुमडीबोड़ में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## शौर्य और साहसः मुठभेड़ में मारे गए कमांडर सहित चार नक्सली

# एसआई सहित तीन जवानों ने नहीं लूटने दिया था थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



“पिछले चार दशक के दौरान लाल आतंक से जूझ रहे अविभाजित राजनांदगांव जिले में कई ऐसी घटनाएं भी हुई। जिसमें कम संसाधन और जवानों की कमी के बीच भी पुलिस ने अपने शौर्य और साहस का परिचय कराया था। इनमें शामिल अविभाजित मध्यप्रदेश में हुई एक ऐसी घटना को याद कर रहे हैं। जिसमें टीआई और दो पुलिसकर्मियों ने ही अपने साहस का प्रदर्शन करते छुरिया थाना को न केवल लूटने से बचाया, बल्कि थाना के सामने करीब सवा चार घंटे चली मुठभेड़ में नक्सल कमांडर विक्रम सहित चार नक्सलियों को मार गिराया था। सन 1999 में हुई यह मुठभेड़ अविभाजित मध्यप्रदेश में सबसे सफल और बड़ी मानी जाती है। छुरिया थाना में उस दौर के तत्कालीन थाना प्रभारी सब-इंस्पेक्टर किलोस खलखो से हरिभूमि ने खास चर्चा की। उन्हीं की जुबानी इस घटना की जानकारी....।”

सात अगस्त 1999 की शाम को एक तंबाखू व्यापारी किसी शिकायत को लेकर छुरिया थाना पहुंचा हुआ था। इस व्यापारी की शिकायत सुनने के बाद शाम छह बजकर दस मिनट पर गणना कर मोर्चे पर संतरी ड्यूटी लगाकर मैं जैसे ही अपने चेंबर में पहुंचा, वैसे ही थाना परिसर में पीपल के झाड़ के नीचे में स्थित श्री हनुमान मंदिर के समीप एक बम विस्फोट हुआ। इससे पेड़ में मौजूद एक बंदर की दर्दनाक मौत हो गई।

विस्फोट के बाद नक्सलियों ने अचानक तेज फायरिंग शुरू कर दी। गणना के बाद कुछ जवान थाना के पीछे कुएं के पास चले गए थे। थाना में मैं और दो सिपाही राजेन्द्र सिंह राजपूत और शोभाराम ही थे। बम विस्फोट और फायरिंग से छुरिया में लगा साप्ताहिक बाजार भी पूरी तरह बिखर गया था। इस बीच मैंने कंट्रोल रूम में वायरलैस के जरिये इस घटना की जानकारी दी, थोड़ी देर बाद वायरलैस क्षतिग्रस्त हो गया। नक्सलियों ने थाना में लगे फोन के तार को पहले ही काट दिया था। मुझे यह महसूस हो गया था कि थाना को बचाने फिलहाल हम तीनों को ही जंग लड़नी है। लगातार फायरिंग के बीच हम तीनों ने मोर्चा संभाला।

हमारे पास जितनी भी कारतूस थी, हमने उसे नक्सलियों पर दागना शुरू कर दिया। करीब घंटेभर फायरिंग के बाद जब कारतूस खत्म होने लगी तो मैंने मालखाने की चाबी मांगी, जब चाबी नहीं मिली तो मैंने ताले को बंदूक से उड़ाकर मालखाने से हथियार और कारतूस निकाली। इसके बाद साठ से सत्तर की संख्या में आए नक्सलियों के खिलाफ ताबड़तोड़ गोलीबारी की। इस बीच एक नक्सली ने थाना परिसर में स्थित एक पेड़ में चढ़कर गोली दागनी शुरू की। हमने उसे मार गिराया। वहां मौजूद कमांडर विक्रम ने नक्सली के शव को ले जाने के लिए अचानक एके-47 बंदूक लेकर सामने आ गया। लगातार फायरिंग के बीच कमांडर विक्रम को मार गिराया गया। गोलीबारी के बीच दोनों सिपाही भी घायल हो चुके थे, लेकिन हम तीनों ने जंग जारी रखी। पुलिस की फायरिंग में कमांडर सहित चार नक्सली मार गिराए गए।

### सवा चार घंटे चली मुठभेड़

तात्कालीन थाना प्रभारी एसआई निकोलस खलखो बताते हैं कि ट्रैक्टर और साइकिल के जरिये करीब साठ नक्सली अपने साथ टिफिन बम और अन्य हथियार लेकर छुरिया थाना को लूटने के लिए पहुंचे थे। जिले में इसके पहले नक्सलियों ने मानपुर थाना लूटा था। यही कारण था कि हम सभी चौकस और सतर्क थे। अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने में थाना के सामने करीब सवा चार घंटे चली नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी। प्रशासनिक अफसर रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास थाना पहुंचे थे।

### दूसरे दिन आउट ऑफ प्रमोशन

अविभाजित मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी मुठभेड़ और थाना लूटने से बचाने पर राज्य शासन ने एसआई निकोलस खलखो सहित तीनों को दूसरे दिन ही आउट ऑफ प्रमोशन दिया। श्री खलखो निरीक्षक बनाए गए। वहीं पुलिस जवान राजेन्द्र सिंह राजपूत और शोभाराम को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया।

### एक माह बाद मिला कमांडर का शव

इस मुठभेड़ में कमांडर सहित चार नक्सलियों को मौत के घाट उतारा गया था। पुलिस की तगड़ी जवाबी फायरिंग के बाद रात करीब दस बजे नक्सली वहां से भाग गए। इस दौरान नक्सलियों ने कमांडर सहित चार नक्सलियों के शव को भी अपने साथ ले गए। एक माह बाद पुलिस ने कमांडर विक्रम के शव को बरामद किया था। तत्कालीन टीआई खलखो कहते हैं कि इस मुठभेड़ में हम तीनों ने करीब एक हजार राउंड फायरिंग की थी।



## खबर संक्षेप



### सोमनापुर में दो दिवसीय श्री हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन आज

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम सोमनापुर में श्री हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान नवीन हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा व पूजा-अर्चना सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेगें। जिसमें 1 अप्रैल को श्री अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। वहीं 2 अप्रैल को मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा, हनुमान जयंती महोत्सव एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा। यह आयोजन जनपद उपाध्यक्ष पंडरिया छत्र किशोर सानू तिवारी के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिसमें सुबह 11:00 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें गांव में भव्य रैली भी निकाली जाएगी। वहीं आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की।

### संभागीय सरस मेला-2026 में सम्मानित हुए रामकृपाल सिरश्याम

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत गत दिनों सरदार पटेल मैदान में आयोजित संभागीय सरस मेला कार्यक्रम में गायक रामकृपाल सिरश्याम द्वारा शानदार मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि तथा जनप्रतिनिधियों ने सराहना की। साथ ही साथ गायक रामकृपाल सिरश्याम को सम्मानित किया गया।



### रणवीरपुर में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**हरिभूमि रणवीरपुर।** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत रणवीरपुर मंडल में 29 से 30 मार्च तक दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं जनसंपर्क के विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य वक्ता पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं में आत्मगौरव की भावना जागृत की। उन्होंने प्रदेश को माता कौशल्या की भूमि एवं भगवान राम के ननिहाल के रूप में उल्लेखित करते हुए इसके गौरवशाली इतिहास को रेखांकित किया। साथ ही वीर नारायण सिंह और गुंडाधुर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल अध्यक्ष नरेश साहू, महामंत्री धरम पाल कौशिक, दारा सिंह राजपूत, बसंत बोहरा, विकास वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## कैंसर जांच से लेकर गौसेवा तक, जैन समाज ने रचा सेवा का इतिहास

# भक्ति, सेवा और मानवता का दिखा संगम

### महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर में महावीर जन्म कल्याणक इस वर्ष केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह महोत्सव सेवा, समर्पण और सामाजिक जागरूकता का विशाल अभियान बनकर उभरा। सकल जैन श्री संघ के नेतृत्व में 22 मार्च से शुरू बहुआयामी आयोजन ने पूरे शहर को एक सूत्र में पिरोते हुए अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह निकलने वाली प्रभात फेरियों ने शहर के सभी 20 वार्डों में धर्म और भक्ति का वातावरण निर्मित किया। भगवान महावीर चौक से प्रारंभ होकर ये फेरियां अलग-अलग मार्गों से गुजरते हुए शहर की प्रमुख गौशालाओं तक पहुंचीं।

24 मार्च को श्रीराम गौशाला किल्लापारा में, 26 मार्च को रूखखड़ स्वामी गौशाला में और 28 मार्च को मनोहर गौशाला में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गायों को आहार खिलाया। यह केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं बल्कि जीव दया के सिद्धांत को व्यवहार में उतारने का जीवंत उदाहरण बना। हर दिन प्रभात फेरी का समापन महावीर चौक में हुआ, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

#### निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा

महोत्सव का मुख्य आकर्षण भव्य शोभायात्रा रही जो भगवान महावीर चौक से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दादाबाड़ी तक पहुंची जहॉ पूरे दिन नवकारसी, स्वामी वात्सल्य और सम्मान समारोह हुआ इस दौरान समाज के बच्चे बुजुर्ग सहित महिलाए व युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।





#### 307 रक्तवीरों ने दिया जीवनदान, हेलमेट वितरण बना आकर्षण

25 मार्च को जैन यूथ क्लब द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 307 युवाओं और नागरिकों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदाताओं को हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा का संदेश भी दिया गया, जिससे यह आयोजन सामाजिक जागरूकता का भी माध्यम बन गया। 29 मार्च को कुशल पैलेस में सुबह 8 से 9 बजे तक नवकार मंत्र का जाप हुआ। इस दौरान समाज के लोगों ने विश्व शांति, सुख और समृद्धि की कामना करते हुए सामूहिक साधना की, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

#### साइबर सुरक्षा से लेकर कैंसर जांच तक हर क्षेत्र में पहल

भारतीय जैन संघटना के नेतृत्व में आयोजित साइबर जागरूकता शिविर में साइबर प्रभारी धर्मेंद्र वैष्णव एवं उनकी टीम ने लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए। 27 मार्च को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की पिंक वेन के माध्यम से 55 लोगों की निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग की गई, जबकि कुल 150 नागरिकों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

#### स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिसाल, सैकड़ों लोगों को मिला लाभ

स्वास्थ्य सेवाओं ने इसे जनहित का बड़ा अभियान बना दिया। 22 मार्च को आयोजित रक्त जांच शिविर में 69 प्रकार की जांच मात्र 700 रुपए में उपलब्ध कराई गई, जिसका लाभ 140 नागरिकों ने उठाया। 24 मार्च को बाफना भवन में आयोजित विशाल आयुर्वेदिक शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग 150 मरीजों का उपचार किया गया और निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

#### टीबी मरीजों को मिला पोषण

30 मार्च को जैन समाज के सदस्य सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां मरीजों को स्टील पानी बोतल, हेडवॉश सहित उपयोगी सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही भारतीय जैन संघटना द्वारा 21 टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार प्रदान कर उनके स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इस दौरान रोज शाम को दादाबाड़ी मे आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों ने महोत्सव को और भी भव्य बना दिया। 28 मार्च को वाणी महावीर कार्यक्रम में महिला मंडल ने शानदार प्रस्तुति दी। 30 मार्च को संस्कारों की शक्ति कार्यक्रम में बहु मंडल की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। 31 मार्च को भाव यात्रा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन होगा।



# कान्हाभैरा में सीसी रोड व नाली निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम पंचायत कान्हाभैरा में लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण की मांग को पूरा करते हुए नई सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती छैली सुरेंद्र चंद्रवंशी ने श्रीफल एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्राम विकास को प्राथमिकता देते हुए 15वें वित्त आयोग की राशि से प्रमुख मार्गो का सीसी रोड निर्माण कराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को वर्षभर बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी और जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद कान्हाभैरा से मां शीतला मंदिर तक आने-जाने में ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। खासकर बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव के कारण होने वाली दिक्कतों से निजात मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की गई। इस अवसर पर सरपंच, पंचगण, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# 27 वरिष्ठ दंपतियों का सम्मान, जैन समाज की अनूठी पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सकल जैन श्री संघ के बैनर तले विहार सेवा दल कवर्धा द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के 27 वरिष्ठ दंपतियों का उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मान किया गया। जैन मंदिर परिषर में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सुश्री पलक लोढ़ा के मंगलाचरण से हुई। फूले चून्दड़ी थीम पर आधारित आयोजन का संयोजन श्रीमती रश्मि बाफना एवं श्रीमती किरण नाहटा ने किया। इस दौरान अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, डॉ मोहन जैन एवं श्रीमती मीना जैन सहित अन्य वक्ताओं ने दांपत्य जीवन में समर्पण, सहनशीलता और आदर्शो के महत्व पर विचार रखे। कार्यक्रम में लघु नाटिका के माध्यम से पारिवारिक मूल्यों पर संदेश दिया गया, वहीं बाल कलाकारों के नृत्य-गीत एवं हर्षल राखेचा के एकल गीत ने दर्शकों का मन मोह लिया। वर्षी तप करने वाले हेमंत देढ़िया, जवेरी परिवार तथा उनकी धर्मसहायिकाओं सहित अन्य प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। बाल कलाकारों को प्रशिक्षण देने के लिए आहना बोथरा को भी सम्मानित किया गया। आयोजकों की ओर से विकास सेठिया ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। श्वेतांबर मूर्ति पूजक जैन संघ अध्यक्ष खुशाल टाटिया ने कार्यक्रम को सराहनीय बताया। आयोजन भगवान महावीर जन्म कल्याणक समारोह की श्रृंखला के तहत संपन्न हुआ।

# पीएम सड़क जर्जर, मरम्मत नहीं होने से ग्रामीण परेशान

- शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से की गई मरम्मत कार्य की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी से घोरपेंड्री तक बनी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा नई सड़क निर्माण और कनेक्टिविटी को लेकर कार्य किए जा रहे हैं, जिसकी सराहना पूरे पंडरिया क्षेत्र में हो रही है, वहीं दूसरी ओर पहले से बनी सड़क की अनदेखी की जा रही है। बताया जाता है कि इस सड़क की 5 साल की गारंटी होती है, जिसके अंतर्गत हर वर्ष मरम्मत और रख-रखाव का कार्य किया जाना अनिवार्य रहता है। बावजूद इसके यहां न तो समय पर मरम्मत हो रही है और न ही साफ-सफाई या रखरखाव के कोई कार्य दिखाई दे रहे हैं। सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और गड्ढों में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सड़क गारंटी अवधि में है तो ठेकेदार द्वारा नियमित मरम्मत क्यों नहीं कराई जा रही है। केवल बोर्ड लगाकर गारंटी दर्शाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमों के अनुसार कार्य होना भी आवश्यक है।



जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सड़क की मरम्मत कराई जाए। यदि सड़क की गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है, तो उसे पुनः स्वीकृति देकर सुधार कार्य शुरू किया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# छात्र सुयश गुप्ता ने 97.7 एवं सुयज्ञ गुप्ता ने 97.6 प्रतिशत के साथ स्कूल में टॉप किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

होली किंगडम स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा आठवीं के छात्र सुयश गुप्ता ने 97.7 एवं सुयज्ञ गुप्ता 97.6 प्रतिशत के साथ स्कूल में टॉप किया। वहीं छठवीं से आठवीं तक लगातार दोनों भाई स्कूल में टॉप कर स्कूल एवं शहर का गौरव बढ़ाया। दोनों छात्र श्रीमती सुलेखा गुप्ता साहित्यकार डॉ सुनील गुप्ता तन्हा के सुपुत्र हैं।

बचपन से ही दोनों छात्र ड्राइंग-पेंटिंग करने के साथ-साथ अच्छे रचनाकार भी हैं दोनों छात्राओ को हिंदी काव्य-लेखन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर 10 पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य जोश थॉमस, शिक्षक- शिक्षिकाओं ने तथा कसौधन वैश्य गुप्ता समाज ने दोनों छात्रों को बधाई दिया है।



## आरपीएस स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक, खिलाड़ियों में उत्साह

**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं एशिया बॉल बैडमिंटन महासंघ द्वारा आयोजित 5 देशों की टेस्ट सीरीज भारत, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया में विद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि पूर्व विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन टीम में चयनित होकर भारत का प्रतिनिधित्व किया तथा गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय, कवर्धा जिला एवं देश का नाम रौशन किया। यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए भी गर्व की बात है कि एक ही विद्यालय के 4 खिलाड़ियों ने एक ही वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस गौरवशाली उपलब्धि में खिलाड़ी बंटी चंद्रवंशी, क्षमानिधि जांगड़े, रिया तिवारी एवं तनु चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा। साथ ही विद्यालय की पीटीआई लता साहू एवं कोच अविनाश चौहान के कुशल मार्गदर्शन में सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक डॉ पीपी चंद्रवंशी, निर्देशक डॉ आदित्य चंद्रवंशी, प्राचार्या श्रीमती एम शारदा एवं उपप्राचार्य भैरव पाल द्वारा खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी खिलाड़ियों ने बारी-बारी से अपने अनुभव साझा किए और बताया कि उन्होंने अपने बीते वर्षो में विद्यालय से प्राप्त मार्गदर्शन, अनुशासन एवं प्रशिक्षण के बल पर यह सफलता हासिल की। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### श्री हनुमान ऐसे देवता हैं जिनके बिना राम क्या? श्रीकृष्ण का भी काम नहीं चलता

# श्री हनुमान का भजन करने से दुःख दूर होता है और सब सुख मिलता हैः पं आनंद उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्म नगरीय ग्राम पलानसरी में यज्ञाचार्य पं चंद्रभूषण पाठक के आचार्यत्व में श्री हनुमत यज्ञ और हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। वहीं ग्रामाचार्य पं हरिहर प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में याज्ञिक विद्वानों के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से यज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम कराया जा रहा हैं। श्री हनुमान यज्ञ में चौथे दिन प्रवचन कर्ता पं आनंद उपाध्याय ने बताया कि श्री हनुमान महाराज का भजन-पूजन करने से कलियुग में बहुत जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं।



उन्होने बताया कि जो हनुमान महाराज का भजन करता है, उसका कष्ट और दुःख दूर हो जाता है तथा सभी प्रकार का सुख मिलता है। यहां सभी को भूख और प्यास लगती है पर जो तन और मन की प्यास सुख, समृद्धि, प्रसंशा आदि को पाने के लिए नकली संत के पास जाता है उसका सर्वनाश हो जाता है। जैसे राजा प्रताप भानु, वो भी काम, क्रोध, लोभ, मोह व संशय के जंगल में भटक गए और अपनी प्यास बुझाने नकली संत एकतनु के चक्कर में पड़े विनाश हो गया। माता सीता की खोज करते वानर भालु भी जंगल में भूख और प्यास से व्याकुल हो गए पर वे अपनी भूख प्यास मिटाने सच्चे संत हनुमान महाराज के पास गए और उनको भक्ति सीता और भगवान मिले। श्रीराम चरित मानस में कई बडभागियों का वर्णन आया है पर श्रीराम भक्त हनुमान के समान कोई बड़भागी नहीं है। क्योंकि त्याग, सेवा, समर्पण, आज्ञा-पालन और भजन का अनोखा संगम है इनके जीवन में अहंकार तो है ही नहीं। श्री हनुमान महाराज भगवान श्रीराम के कार्य को करने के लिए सदैव आतुर रहते हैं, वही विद्यावान है वही गुनी है, वही चतुर जो भगवान का काम करे। श्री हनुमान ऐसे देवता हैं जिनके बिना राम क्या? श्रीकृष्ण का भी काम नहीं चलता। कलियुग में तुलसीदास को भगवान श्रीराम का दर्शन करा दिए, श्री हनुमान महाराज प्रत्यक्ष देवता हैं जो आज भी गंधमादन पर्वत पर भजन कर रहे हैं और निरंतर जहां जहां कथा होती है वहां वहां श्री राम कथा का श्रवण करते रहते हैं।

# दुल्लापुर-बाजार मंडल में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भाजपा द्वारा जिले में चलाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दुल्लापुर-बाजार मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिले के 14 मंडलों में संचालित इस अभियान का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक, वैचारिक एवं सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अनिल ठाकुर, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिवनंदन पांडेय ने की कार्यक्रम में फलित साहू, महामंत्री स्वतंत्र साहू, महेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुखदेव धुर्वे, रोहित भास्कर, जल्लू साहू, राजकुमार यादव, संतोष साहू, पुष्पा साहू, सोमन ठाकुर, तुलसी साहू, ममता धुर्वे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें। प्रशिक्षण महाअभियान के सप्तम सत्र में अनिल ठाकुर ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की संस्कृति अत्यंत विविधतापूर्ण है, जहां वर्ष भर विभिन्न पारंपरिक त्यौहार मनाए जाते हैं, जो लोकजीवन, कृषि परंपरा और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। उन्होंने हरेली, तीजा, पोला, छेरछेरा, नवाखाई एवं गौरा-गौरी जैसे प्रमुख पर्वो का उल्लेख करते हुए कहा कि ये त्यौहार छत्तीसगढ़ की पहचान हैं और इन्हें संरक्षित एवं प्रोत्साहित करना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को जमीनी स्तर पर लागू करने का संकल्प लिया।






## खबर संक्षेप

### नरेश चंद्रवंशी सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



**बोड़ला।** जनपद पंचायत बोड़ला की सामान्य सभा की बैठकों के लिए सांसद प्रतिनिधि के रूप में नरेश चंद्रवंशी को सांसद संतोष पाण्डेय ने नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जनसेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि वे इस विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि जनपद पंचायत की बैठकों में क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और ग्रामीणों की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने का भी प्रयास रहेगा। नरेश चंद्रवंशी ने इस अवसर पर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने सांसद संतोष पाण्डेय सहित सभी वरिष्ठजनों एवं समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ करेंगे।

**क्राइम :** मृतक के सगे भाई व परिजन ही निकले हत्या के मास्टरमांइड, संपत्ति हड़पने की मंशा

# सेवानिवृत्त लेखापाल का अपहरण कर हत्या करने वाले 15 आरोपी किए गए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस ने एक सनसनी खेज हत्या का खुलासा करते हुए सेवानिवृत्त लेखापाल का अपहरण कराकर हत्या करने वाले 11 आरोपियों सहित 04 नाबालिग को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस ने बकायदा प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले का खुलासा किया है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक गत 22 मार्च को थाना लालपुर में प्रार्थी बलबीर सिंह द्वारा परिजनों के साथ उपस्थित होकर अपने भाई दामोदर सिंह के घर नही आने के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज कराते हुए जानकारी दी थी कि 21 मार्च 2026 को उनका भाई दामोदर राजपूत रिटायर्ड लेखापाल शिक्षा विभाग उम्र 62 वर्ष की मोटर सायकल ग्राम मनोहरपुर राईस मिल रास्ते के पास पड़ी है। उनकी इस रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 11/26 कायम कर पतासाजी में लिया गया। पतासाजी के दौरान 21 मार्च को दामोदर सिंह के घर से निकलने से लेकर मोटर सायकल मिलने के स्थान, मृतक के लास्ट लोकेशन एवं मुंगेली जिले के सभी एन्ट्री एक्जिट पाइन्ट, सरहदी क्षेत्र के कैमरों की जांच करने पर एक सस्पेक्ट ईओन कार स्लेटी कलर की दामोदर सिंह के पीछे पीछे चलती हुई दिखाई दी, ईओन कार की पतासाजी करते-करते त्रिनयन एप के माध्यम से रूट चार्ट तैयार कर कैमरों का अवलोकन करते हुए, कैमरे पर वहीं ईओन कार दिखाई दी एवं शहर में लगे हाईटेक कैमरे में रेकी करते समय का ईओन कार नंबर सीजी 10 एसी 8986 ज्ञात हुआ। सस्पेक्ट कार हुण्डई ईओन कार क्रमांक सीजी 10 एसी 8986 का वाहन मालिक ग्राम झझपुरी के देवचरण साहू के नाम पर रजिस्ट्रर्ड होना पाया गया। देवचरण साहू से पुछताछ करने पर ग्राम झाफल के संजय यादव द्वारा कार को 01 दिन किराए पर लिए जाने की जानकारी भी सामने आई। पुलिस प्रशासन ने बताया कि प्रकरण मे संजय यादव को हिरासत मे लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि दामोदर सिंह के छोटे भाई रणजीत उर्फ मुन्ना राजपूत एवं उसके साले पालेश्वर सिंह राजपूत एवं चचेरे भाई रामपाल राजपूत द्वारा दामोदर सिह को मारने के लिए 10 लाख एवं 50 डिस्मील जमीन की सुपारी दी है, सुपारी मिलने के बाद काफी दिनों तक उनकी रेकी की गई। इसी दौरान जब उसें रणजीत सिंह ने बताया कि 21 मार्च को दुर्गा पूजा के लिए दामोदर को झाफल आने का निमंत्रण दिए है, तब सुनियोजित ढंग से संजय यादव ने अपने साथी प्रिन्स उर्फ श्रवण, योगेश उर्फ योगेश्वर गंधर्व स्वीपर मोहल्ला मुंगेली एवं नाबालिग को लेकर दिन में पीछा करते हुए मुंगेली से झाफल जाते हुए मनोहरपुर सुनसान रास्ते पर उसकी गाड़ी रोककर संजय यादव व प्रिन्स उर्फ श्रवण, योगेश उर्फ योगेश्वर गंधर्व स्वीपर मोहल्ला मुंगेली एवं नाबालिग ने दामोदर सिंह के गले मे गमछा डालकर उसकी हत्या कर दी।



### देवसरा गांव मे जंगल मिला शव

आरोपियों ने इस हत्या को अंजाम देने के बाद मृतक के शव को ईओन कार क्रमांक सीजी 10 एसी 8986 मे भरकर उसकी लाश को ठिकाने लगाने नवरंगपुर डिन्डौरी होते हुए ग्रामीण रास्ते में ईओन कार खराब होने पर ईओन कार के मालिक देवराज साहू से टाटा स्पेशियों गोल्ड कार को मंगवाकर देवराज साहू के साथ मिलकर मृतक की लाश को स्पेशियों गाड़ी में शिफ्ट कर आरोपी संजय यादव व प्रिन्स उर्फ श्रवण, योगेश उर्फ योगेश्वर गंधर्व एवं नाबालिग ने कवर्धा जिले के पण्डरिया थाना अन्तर्गत देवसरा गांव मे जंगल अंदर नदी के नीचे गड्ढे में डालकर रेत मे दफन कर वापस आ गए।

### आरोपियों की निशानदेही पर शव बरामद

इस खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी संजय यादव के निशानदेही पर मृतक दामोदर राजपूत का शव बरामद किया जिसके बाद मृतक के परिजनो ने कपड़े व अन्य वस्तुओं को देखकर मृतक की पहचान दामोदर सिंह राजपूत के रूप में की। जिसका पीएम पंचनामा कार्यवाही कर थाना लालपुर में आरोपियों के द्वारा षडय़ंत्रपूर्वक सुपारी देकर मृतक के जमीनों एवं अन्य संपत्तियों को हड़पने के नियत से अपहरण कर हत्या करना पाए जाने से अपराध क्रमांक 40/26 धारा 61(2), 10(1), 140(2), 2&8 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### हत्या करने वाले 11 आरोपियों सहित 04 नाबालिग गिरफ्तार

इस पूरे मामले में पुलिस ने हत्या करने वाले 11 आरोपियों सहित 04 नाबालिग को गिरफ्तार किया है। जिसमें रणजीत सिंह राजपूत पिता बारेलाल उम्र 55 वर्ष निवासी झाफल, थाना लोरमी (मृतक का भाई), पालेश्वर राजपूत पिता स्व.रामधुन उम्र 50 वर्ष निवासी झाफल, थाना लोरमी (मृतक के भाई रणजीत का साला), रामपाल सिंह राजपूत पिता आजुसिंह उम्र 53 वर्ष निवासी लोरमी, थाना लोरमी (मृतक का चचेरा भाई), पराग सिंह राजपूत पिता बलवीर सिंह उम्र 49 वर्ष निवासी झाफल, थाना लोरमी (मृतक के भाई बलबीर का पुत्र), हेमंत राजपूत पिता रणजीत उम्र 26 वर्ष निवासी झाफल, थाना लोरमी (मृतक के भाई रणजीत का पुत्र), अजय राजपूत पिता भुनेश्वर सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी सारधा (मृतक का भांजा), संजय यादव पिता लल्लुराम उम्र 37 वर्ष निवासी झाफल थाना लोरमी, श्रवण उर्फ प्रिंस गोई पिता श्याम उम्र 18 वर्ष निवासी जवाहर वार्ड मुंगेली, योगेश गंधर्व उर्फ योगेश्वर पिता राधेश्याम उम्र 18 वर्ष 10 माह निवासी कालीमाईवार्ड मुंगेली, देवराज साहू उर्फ दद्दु उर्फ देवकुमार पिता रामसहाय उम्र 23 वर्ष निवासी झझपुरीकला लोरमी, आशीष कारीकांत उर्फ धर्मेन्द्र उर्फ बाबु पिता धन्नू उम्र 20 वर्ष निवासी बस स्टैण्ड लोरमी एवं 04 विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं।

# कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग जिले का प्रश्न-पत्र हुबहू एक जैसा

## हर जिले में प्रश्न पत्र निर्माण समिति अलग-अलग तो प्रश्न पत्र एक कैसे?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला स्तर से जारी समय सारणी अनुसार कक्षा पहली से चौंथी, छठवीं व सातवीं की परीक्षा 30 मार्च से प्रारम्भ हो गया है। परीक्षा प्रारम्भ होना कोई नई बात नहीं है, क्योंकि यह कार्य हर वर्ष होता है। इस वर्ष परीक्षा खास इसलिए हो गया है, क्योंकि 30 मार्च से प्रारम्भ हुए वार्षिक परीक्षा में कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग जिले के कक्षा चौंथी के हिंदी, छठवीं के गणित व सातवीं के हिंदी का प्रश्न पत्र हुबहू एक जैसे मिला है। इसमें निर्देश सहित प्रश्न क्रमांक, प्रश्न व अन्य सभी जानकारी एक जैसा है। केवल तीन कक्षाओं का ही मिलान किया गया है, संभवतः कक्षा पहली से तीसरी भी मिलान करने पर एक जैसे हो सकते हैं। इन तीनों जिलों की परीक्षाएं एक साथ 30 मार्च से प्रारम्भ हुए हैं। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का कहना है कि जब हर जिले में अलग-अलग प्रश्न पत्र निर्माण समिति बनाया गया है तो तीन जिले के प्रश्न पत्र हुबहू एक जैसे कैसे हो सकते हैं? इसकी उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदारों पर उचित कार्यवाही आवश्यक है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ इंद्रावती भवन रायपुर ने तीन फरवरी 2026 को जारी पत्र में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि कक्षा पहली से चौथी, छठवीं व सातवीं के लिए जिला स्तर पर संचालन समिति, प्रश्न पत्र निर्माण समिति एवं मॉडरेशन समिति का गठन करें। प्रश्न पत्र निर्माण समिति द्वारा ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्रों के तीन सेट तैयार कराया जावे। मॉडरेशन समिति द्वारा प्रश्न पत्रों का मॉडरेशन किया जाए। जिला स्तरीय संचालन समिति के अनुशंसा पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रश्न पत्र का मुद्रण कराया जावे। अब सवाल यह उठता है कि जब प्रत्येक जिले के लिए प्रश्न पत्र निर्माण समिति बनाकर हर जिले को अपना प्रश्न पत्र प्रिंट कराना है, तब तीन जिले का प्रश्न पत्र हुबहू एक जैसे कैसे हो सकता है। सीधी सी बात है कि कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग में से कोई दो जिले ने अपने जिले के प्रश्न पत्र को प्रिंट कराने के बजाय दूसरे जिले के प्रश्न पत्र को ही प्रिंट करा लिया अर्थात किसी दो जिले ने प्रश्न पत्र निर्माण समिति के प्रश्नों को नहीं छपवाया, जो लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों का खुला उल्लंघन है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, सुरतिया साहू, मनोज चन्द्रवंशी, राजेश तिवारी, जोहन पुनाचा, दुर्गा चन्द्रवंशी, गणेश कुर्रे, धरम प्रकाश मिश्रा, उमेश चन्द्रवंशी आदि ने कहा कि कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग में से कोई दो जिले ने समिति बनाने का केवल दिखावा कर लोक शिक्षण संचालनालय को अंधेरे में रखा है। अतः इसकी उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग किया है।

### ये इत्तेफाक नहीं हो सकता

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि तीन जिले का प्रश्न पत्र हुबहू एक जैसे होना इत्तेफाक नहीं ही सकता, क्योंकि दो अलग-अलग शिक्षकों या समितियों से पचासों बार प्रश्न पत्र तैयार कराया जावे, तब भी प्रश्न एक जैसे नहीं हो सकते हैं। यह सोंची समझी जानबुझकर किया गया कार्य है।

### तीनों जिले की परीक्षा समय सारणी भी एक जैसा

खास बात यह है कि तीनों जिले कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग की परीक्षा समय सारणी भी एक जैसे है। समय सारणी में कक्षा पहली से चौंथी, छठवीं व सातवीं की परीक्षा तिथि व विषय समान है।

### बांकी प्रश्न पत्र भी समान होने की संभावना

जिस प्रकार से परीक्षा के शुरुवात में ही तीनों जिले कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग का पहला प्रश्न पत्र एक समान मिला है, साथ ही परीक्षा समय सारणी भी समान है, उसे देखते हुए शेष बचे विषयों के प्रश्न पत्रों के समान होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

# पंडरिया के सीमावर्ती वनांचल में फिर नजर आए जंगली हाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत सीमावर्ती वनांचल ग्रामों में एक बार फिर जंगली हाथियों की दहशत देखी जा रही है। हालांकि मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के वन विभाग से मिली सूचना के बाद जहां पंडरिया वन अमला सतर्क हो गया है वहीं ग्रामीण भी चौकन्ने हो गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथी कुई से होते हुए मध्यप्रदेश के रामगुड़ा, त्यागपुर, सारसताल, गोपालपुर, बांसी देवरी, देवकरा एवं मिगड़ी के जंगलों में लगातार विचरण कर रहे हैं कर रहे हैं जो छत्तीसगढ़ के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत तीनगड्डा, पकरीपानी, भेलकी से लगे हुए ग्राम है। ऐसे में पंडरिया वन विभाग के अधिकारी इन हाथियों के दल पर नजर बनाए हुए है और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया के जंगलों में इन दिनो एक वन भैंसा भी विचरण कर रहा है। जिसे हाल के दिनो में शिकारियों ने तीर मारकर घायल कर दिया था। ऐसे में इस बात की भी आशंका बनी हुई कि कहीं शिकारी हाथियों को भी नुकसान न पहुंचाएं। वन विभाग ने आमजन के लिए जरूरी अपील जारी करते हुए हाथियों से कम से कम 250 मीटर की दूरी बनाए रखने और किसी भी हालत में उनके पास न जाने न ही उन्हें उकसाने की अपील की है।वन विभाग ने लोगों से कहा कि फोटो या वीडियो लेने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में न डालें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत वन विभाग या स्थानीय प्रशासन को सूचना दें।

# बढ़ती गर्मी में दम तोड़ रहे अंचल के हैण्डपंप, नीचे गिर रहा जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



लगातार बड़ रही तपिस का विपरत प्रभाव अब जल स्तर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। इस बढ़ती तपिश में जहां अंचल के जल स्त्रोतों से लगातार पानी गायब होते जा रहा है। वहीं जमीन के नीचे भी जल स्तर गिर रहा है। जिससे लोगों को पेयजल के साथ ही निस्तारी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से कुछ ऐसी ही समस्या सामने आई है। बताया जा रहा है कि गांव के वार्ड क्रमांक 1 ब्राह्मण पारा का हैंड पंप का जलस्तर लगातार नीचे गिर गिर हा है। जिसके कारण अब 5-10 मिनट हैण्ड पंप चलाने के बाद ही पानी ऊपर चढ़ रहा है और लोगों को पानी मिल पा रहा है। लेकिन समस्या इतनी भर नहीं है ग्रामीणों के मुताबिक हैण्ड पंप जो पानी उगल रहा है वहीं भी मटमेला हो चुका है जो पीने योग्य नहीं है। ऐसे में अब ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। इसी प्रकार ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों की निस्तारी का प्रमुख स्त्रोत तालावों का पानी भी बढ़ती गर्मी में तेजी से कम हो रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत तथा प्रशासन से व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है ताकि आने वाले दिनो में समस्या गहरा न पाए।

### महावीर जन्म कल्यांनक महोत्सव का भव्य आयोजन, निकाली गई शोभायात्रा



**कवर्धा।** सकल जैन श्री संघ कवर्धा ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान महावीर की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ श्रृद्धा भक्ति से मनाई। 2625 भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली। इस विशाल जुलूस में बैंड की मनमोहन धुन के साथ बालाएं स्कूटर रैली में आगे चल रही थी। भगवान की पवन डोली को श्रद्धालु पूजा के वस्त्र में कंधे पर लिए चल रहे थे। श्रावक एवं श्राविकाओं द्वारा भक्ति गीत का गान श्रद्धा भाव से किया जा रहा था। इसमें युवाओं का जोश तो देखते ही बन रहा था। महावीर स्वामी चौक में सभी श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति में पूजन के उपरांत ध्वजारोहण किया गया। मार्ग में शोभायात्रा का स्वागत अन्य समुदायों द्वारा भी किया गया। शोभायात्रा का समापन जैन मंदिर परिसर में किया गया, जहां पूजन के उपरांत सामूहिक गौतम प्रसादी सभी ने ग्रहण की। संपूर्ण कार्यक्रम को सुचारू शानदार रूप से संपन्न कराने में पूरे समाज का अविस्मरणीय योगदान रहा। रात्रि में प्रभु की महा आरती आयोजन मे भक्ति भाव देखते ही बना। भगवान महावीर की जयंती को लेकर सकल जैन श्री संघ कवर्धा के सभी श्रावक श्राविकाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

**आयोजकों द्वारा भव्य झांकी, शोभा यात्रा और भंडारे का किया जाएगा आयोजन**

# बोड़ला में हनुमान जन्मोत्सव जोरशोर से मनाने की तेयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



जिले के नगर पंचायत बोड़ला में 2 अप्रैल, गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाने की तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बोड़ला नगर में हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा भव्य और आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर महामाया झांकी, नागपुर द्वारा विशाल और मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। झांकियों के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। नगर के अति प्राचीन राम जानकी मंदिर में प्रातःकाल से ही धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत होगी। सुबह से मंदिर परिसर में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तगण बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और भगवान हनुमान की भक्ति में लीन रहेंगे। इसके पश्चात मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पूरे शहर का भ्रमण करेगी। शोभा यात्रा में सजी-धजी झांकियां, भजन-कीर्तन मंडलियां और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शामिल रहेगी, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में रंग जाएगा। शोभा यात्रा के समापन पर पुनः राम जानकी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें सभी भक्तों को आमंत्रित किया गया है। हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और धर्म लाभ लेने की अपील की गई है। पूरे आयोजन को लेकर समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं, जिससे यह पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्यता से मनाया जायेगा।

# कबीरधाम जिले के 97 प्रतिशत पंजीकृत मजदूरों का ई-केवाईसी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

1 अप्रैल 2026 से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी जी राम जी योजना) नए कानून के रूप में महात्मा गांधी नरेगा के स्थान पर प्रतिस्थापित हो रहा है। वर्तमान में इस योजना के सभी निर्माण कार्यों में लगे पंजीकृत श्रमिकों की उपस्थिति एनएमएमएस द्वारा फेस रीडिंग से हो रहा है। केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार एनएमएमएस में ई-केवाईसी किया जाना है। ऐसे श्रमिक जिन्होंने अपना ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराया है उन्हें इस योजना में रोजगार प्रदान नहीं किया जा रहा है। नई योजना में पारदर्शिता एवं जवाबदेही प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों की उपस्थिति कार्यस्थल पर दर्ज की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि कबीरधाम जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत 364960 एक्टिव पंजीकृत श्रमिक है। हमारे मैदानी कर्मचारी निर्माण स्थलों पर एवं घर-घर जाकर ई-केवाईसी का कार्य युद्ध स्तर पर कर रहे हैं। कबीरधाम जिले के सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत ऑनलाइन अटेंडेंस का कार्य मार्च महीने से ही प्रारंभ हो चुका है तथा ऐसे व्यक्ति जिनका ई-केवाईसी पूर्ण नहीं हुआ है वर्तमान में उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा है। अतः पंजीकृत श्रमिक जो किन्हीं कारण से अपना ई-केवाईसी एनएमएमएस एप्प में नहीं कराए हैं उन सभी से आग्रह करना चाहूंगा कि वह अपने ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक या सचिव से संपर्क कर एनएमएमएस में ई-केवाईसी का कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। अन्यथा राज्य शासन के निर्देशानुसार ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं होने के कारण उन्हें रोजगार देने में परेशानियां उत्पन्न होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में 97 प्रतिशत पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी पूर्ण कर लिया गया है। योजना में कुल 364960 पंजीकृत श्रमिक एक्टिव है जिनमें से 352858 श्रमिकों का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है। केवाईसी के लिए मात्र 12102 श्रमिक आज की स्थिति में शेष है।